एक नजर में

गुरू पूर्णिमा 12 जुलाई की संध्या का संगीत सभा का आयोजन होगा

धार. प्राचार्य शासकीय आनंद संगीम महाविद्यालय ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन संस्कृति संचालनालय भोपाल के आदेशानुसार महाविद्यालय द्वारा 12 जुलाई को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर विक्रम ज्ञान मंदिर लालबाग परिसर में संध्या 6 बजे से संगीत सभा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें शास्त्रीय गायन श्री विजय सप्रे भोपाल एवं कथक नृत्य समूह डॉ. वी. अनुराधा सिंह भोपाल द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी।

समारोहपूर्वक सेवानिवृत्ति कार्यपालन यंत्री नवीन को दी विदाई

सरदारपुर । कार्यालय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड सरदारपुर मैं पदस्थ कार्यपालन यंत्री आर . के.नवीन के सेवानिवृत्ति होने पर सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम को सभी ने सेवानिवृत्ति आर .के.नवीन के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए अभिनंदन किया विभाग के सभी अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित थे कार्यपालन यंत्री का प्रभार नवलसिंह भूरिया को सोपा गया है यह जानकारी जिला सलाहकार अनीता खपेड के द्वारा दी गई

नेत्र शिविर का आयोजन

लाबरिया । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजोद सब सेंटर लाबरिया पर जिला अंधत्व निवारण समिति धार एवं टी चोइथराम नेत्रालय इंदौर के संयुक्त तत्वधान में नेत्र शिविर का आयोजन रखा गया जिसमें140 मरीजों का नेत्र परीक्षण एसके पाराशर नेत्र चिकित्सा सहायक सरदारपुर द्वारा किया गया जिसमें 49 मरीजों को मोतियाबिंद पाया गया जिन्हें निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण हेतु टी चोइथराम इन्दौर बस द्वारा भिजवाया गया उक्त शिविर डॉ अरुण मोहरानी मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ सौरभ बोरासी नेत्र रोग विशेषज्ञ धार एवं डॉ अनिल भंवर मेडिकल ऑफिसर के मार्गदर्शन में रखा गया एवं सभी मरीजों का मेडिकल चेकअप डॉ अनिल भंवर एवं डॉ राहुल यादव मेडिकल ऑफिसर द्वारा किया गया उक्त शिविर में श्री सीताराम ठाकुर श्री रमेश भूरिया सेक्टर सुपरवाइजर ष्द्धश् कुमारी ज्योत्सना पुरोहित ड्डठ्ठद्व श्रीमती सरोज शर्मा लाबरिया एवं ड्डठ्ठद्व मुमताज खान राजोद एवं समस्त आशा एवं आशा सुपरवाइजर का सहयोग रहा।

पेंटर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

इंदौर . तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के ग्राम लेकोड में एक 65 वर्षीय पेंटर ने आर्थिक तंगी से परेशान होकर अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली . मृतक पिछले कुछ समय से बेरोजगारी और कामधंधे की अनिश्चितता के चलते तनाव में था . मृतक की पहचान गब्बू पिता जगन्नाथ 65 वर्षीय निवासी ग्राम लेकोड के रूप में हुई है . वह पेंटिंग का कार्य करता था, लेकिन बीते कुछ समय से उसे नियमित काम नहीं मिल रहा था . आर्थिक हालात बिगड़ने से वह मानसिक रूप से काफी परेशान था . परिजनों ने पुलिस को बताया कि गब्बू पिछले कुछ दिनों से बेहद चिंतित और चुपचाप रहने लगा था . घरवालों ने उसे कमरे में फंदे पर लटका देखा, तो तत्काल पुलिस को सूचना दी गई . मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है . प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण आर्थिक तंगी माना जा रहा है . पुलिस मृतक के मोबाइल फोन और परिवारजनों से पूछताछ के आधार पर अन्य पहलुओं की भी पड़ताल कर रही है .

मुनाफे का झांसा देकर 7 लाख ठगे

इंदौर . किशनगंज क्षेत्र के एक निवासी से लाखों का मुनाफा दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने करीब 7 लाख रुपए हड़प लिए . अज्ञात आरोपी ने ऑनलाइन स्कीम में ज्यादा कमाई का लालच दिया और भरोसा में लेकर लगातार कई ट्रांजेक्शन के जरिए रकम अपने खातों में ट्रांसफर करवा ली . किशनगंज थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार धोखाधड़ी की यह वारदात महूगांव स्थित ओल्ड राधास्वामी कैंपस में रहने वाले 45 वर्षीय राजेन्द्र पाटिल के साथ 19 मई को हुई . फरियादी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसे अधिक मुनाफे वाली योजना में निवेश करने को कहा . आरोपी की बातों में आकर उसने यूपीआई और बैंक ट्रांसफर के माध्यम से 6 लाख 90 हजार रुपए भेज दिए . कुछ समय बाद जब आरोपी ने ना तो कोई मुनाफा दिया और ना ही संपर्क में आया, तब पाटिल को ठगी का एहसास हुआ और उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई . जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है . फिलहाल पुलिस मोबाइल नंबर और बैंक खातों की तकनीकी जांच कर रही है . जांच में पुलिस को यह भी पता चला कि आरोपी ने डिजिटल मोड के माध्यम से रकम ट्रांसफर करवाई थी, जिससे साइबर सेल की मदद से उसके लोकेशन और पहचान तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है .

ठेकेदार से अवैध वसूली की कोशिश

इंदौर. ठेकेदारी में अच्छा मुनाफा कमाने की बात कहते हुए दो बदमाशों ने एक ठेकेदार से अवैध वसूली की कोशिश की और जब उसने पैसे देने से मना किया तो उसे पीट दिया. घटना पलासिया थाना क्षेत्र की है, जहां पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. विनोबा नगर में रहने वाले फरियादी मिथलेश कैथवास पलासिया थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीते दिन पवन धीमान और कपिल नामक युवक घर के पास मिले. दोनों ने कहा कि तू ठेकेदारी में काफी पैसा कमा रहा है लेकिन हमारा कोई ध्यान नहीं रखता. यहां हम दोनों ही दादा हैं, खर्चे और शराब के पैसे देने पड़ेंगे. फरियादी के अनुसार जब उसने इसका विरोध किया और पैसे देने से मना किया, तो दोनों आरोपियों ने गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी. इसी दौरान शोर सुनकर उसकी पत्नी सरोज कैथवास मौके पर पहुंच गई, जिसके बाद दोनों आरोपी भाग निकले. जाते-जाते वे जान से मारने की धमकी भी देकर गए. मामले में पुलिस ने मिथलेश की शिकायत पर आरोपियों पवन धीमान और कपिल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर इलाके में आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है.

धार में डीएलसीसी की बैठक, कलेक्टर ने दिए स्पष्ट निर्देश

धार. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के तहत पंचायत स्तर पर चलाए जाने वाले विशेष पंजीयन अभियान को लेकर जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा एवं सलाहकार समिति (स्थ्रद्ग्ध्रद्बड्ड्य छ्रस्ष्ट) की विशेष बैठक मंगलवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में सीईओ अभिषेक चौधरी और जिले के बैंकर्स उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने अभियान को गंभीरता से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि हर बैंक यह स्पष्ट करे कि उन्हें कहाँ-कहाँ शिविर लगाने की आवश्यकता है। यह पूरी स्पष्टता होनी चाहिए कि शिविर किस स्थान पर आयोजित होंगे, वहाँ कौन अधिकारी या कर्मचारी बैठेंगे और वे कितने समय तक वहाँ उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह केवल लक्ष्य पूर्ति का मामला नहीं है, बल्कि ज़रूरतमंद हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिक उद्देश्य है।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 10 वर्ष से अधिक पुराने खातों में ऋद्ब-च्ड्ढ्ढष्ट की प्रक्रिया प्राथमिकता से की जाए। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के पात्र हितग्राहियों का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराया जाए। अटल पेंशन योजना में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के प्रयास हों। स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों के खातों में बीमा योजना का पंजीयन किया जाए। जनधन खातों एवं बचत खातों में नामांकन की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाए। साथ ही बीमा योजनाओं (*PMJJBY, PMSBY*) के अंतर्गत लंबित दावों का त्वरित निराकरण किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस अभियान की दैनिक रिपोर्टिंग की जाए और प्रत्येक स्तर पर प्रगति की नियमित समीक्षा हो। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर फाइनेंस डिपार्टमेंट को रिपोर्टिंग किए जाने की बात कही गई ।बैठक में सभी प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधियों, अग्रणी जिला प्रबंधक, बीमा एजेंसियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में अभियान की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई।

> उल्लेखनीय है कि मिशन 2047 — सभी के लिए बीमाक्ष्ऽ के लक्ष्य को प्राप्त करने तथा जनसामान्य को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं उचित दर पर बीमा सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बीमा समिति का गठन किया गया है ।समिति के माध्यम से राज्य के नागरिकों को बीमा सेवाओं और उत्पादों के बारे में जागरूक किया जाएगा। दुर्घटना अथवा मृत्यु उपरांत बीमा दावों की स्वीकृति के लिए बीमित व्यक्ति एवं उनके परिजनों को शिक्षित किया जाएगा और बीमा सुरक्षा हेतु उपयुक्त उत्पादों की योजना तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा जीवन एवं सामान्य बीमा के क्षेत्र में अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रदेश स्तर पर अग्रणी बीमा कंपनियों की नियुक्ति की गई है। राज्य शासन एवं अन्य बीमा कंपनियों के सहयोग से राज्य बीमा योजना (*State Insurance Plan)* का क्रियान्वयन राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय समितियों के माध्यम से किया जाएगा।

सुबह पूजा के समय गोमाता प्रतिदिन विचरण कर दुकान के अंदर आकर बैठ जाती है

मनावर / गाय केवल हमें गुणकारी ,बलशाली , अमृतमय दूध ही नहीं प्रदान करती है वरन भारतवर्ष में इसे जन-जन की आस्था का केंद्र माना जाता है।इसे पृथ्वी की धुरी भी कहा जाता है।यहां पर गाय को गौ माता का दर्जा प्राप्त है। यदि तीर्थ यात्रा की इच्छा हो पर शरीर में बल या पास में पैसा ना हो तो गौ माता के दर्शन, गौ की पूजा और परिक्रमा करने से सारे तीर्थ का फल मिल जाता है । गाय की सेवा से घर बैठे ही 33 कोटी देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। ऐसे में गौ माता जब एक नियत समय पर प्रतिदिन स्वयं ही विचरण कर आपके द्वार ही नहीं बल्कि आपकी दुकान के अंदर तक आकर बैठ जाए और पूरा दिन बैठी ही रहे तो आपकी सुख समृद्धि और शांति में भी निश्चित तौर पर वृद्धि होगी ही।

ऐसे ही एक मामला मनावर के धार रोड स्थित पूजा स्टील दुकान का सामने आया है। यहां पर गत नौ माह से गौ माता सुबह 9 से 10 बजे के बीच विचरण करते हुए पूजा के समय आती है ।वह सुबह से लेकर शाम तक दिन भर दुकान के अंदर ही बैठे रहती है। कमाल की बात यह है कि इस दौरान ना तो यह किसी को डराती है न किसी ग्राहक को मारने दौड़ती है। दुकान मालिक प्रतिदिन गौ माता का पूजन करते हैं। तो

वहीं ग्राहक इसे प्यार करते, दुलारते हैं।

दुकान के मालिक अर्पित कसेरा बताते हैं कि करीब 9 माह पूर्व शुरुआत में यह दुकान के बाहर आकर बैठने लगी। कुछ दिनों में ही फिर यह दुकान के अंदर बीच में जहां पर इसका नियत स्थान है आकर बैठ जाती है। कभी भी गोबर या गोमूत्र इस ने दुकान के अंदर नहीं किया इसके लिए वह दुकान के बाहर चली जाती है। गोमूत्र, गोबर करके फिर आकर बैठ जाती है। सुबह से लेकर शाम तक यह दुकान के अंदर ही बैठी रहती है ।इसकी पूजा करना और इसे रोटी देना हमारा प्रतिदिन का कर्म बन गया है। इसके लिए हमने चारे आदि की भी व्यवस्था करी है। यहां तक की गर्मी में इसके लिए हम कुलर भी लगाते हैं। दुकान में व्यापार करने में हमें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आती है ना ही किसी प्रकार गौ माता किसी भी ग्राहक को परेशान करती या डराती है। जो भी ग्राहक दूकान पर आते हैं ।गाय माता को प्यार से जरूर सहलाते है। उसके साथ फोटो, वीडियो और सेल्फी लेते हैं ।सुबह 9 बजते ही इसका इंतजार शुरू हो जाता है की गौ माता कब आएगी। जैसे ही दुकान पर सुबह की पूजा करते हैं यह प्रकट हो जाती है। अर्पित कसेरा बताते हैं कि जब से गौ माता दुकान के अंदर आकर बैठने लगी है हमारे परिवार में सुख, शांति समृद्धि और निरोगता में बढ़ोतरी हो गई है। गौ माता के आशीर्वाद से व्यापार बढ़ने के साथ-साथ हम पहले से कई ज्यादा सुखी हो गए। यह घटना भी किसी अचंभे से कम नहीं है। लोगअब इसे गाय माता का चमत्कार और आशीर्वाद मानने लगे हैं।

बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार देना भी आवश्यक

संस्कारो के बिना शिक्षा अलंकृत नही होती - प्रवीण गुप्ता

इंदौर पोरवाड समाज के प्रतिनिधि मंडल नें समाजजनों से मुलाकात कर सामाजिक मुद्दों पर की विस्तार से चर्चा

कुक्षी। दूरदराज से एजुकेशन के लिए इंदौर में अध्यनरत समाज की युवा पीढ़ी के विधार्थियो को सही मार्गदर्शन और बेहतर शिक्षा व्यवस्था के साथ उनका समाज से जु?ाव बना रहे. इस उद्देश्य को लेकर श्रीदशा वैष्णव पोरवा? समाज की इंदौर इकाई के प्रतिनिधि मंडल का यहां आगमन हुआ.दाताहरी पब्लिक स्कूल में सौहार्दपूर्ण पूर्ण वातावरण में आयोजित बैठक आयोजित हुई इसमें अध्ययनरत बच्चों के लिए हॉस्टल,कोचिंग, काउंसलिंग आदि के साथ शहर की चकाचौध भरी आबोहवा में युवाओं के भटकाव की संभावनाओं के चिंतन के साथ शिक्षा समिति के गठन के साथ अनेक सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया.

कार्यक्रम को सम्बोधित करते युवा उद्योगपति एवं समाजसेवी प्रवीण गुप्ता नें कहा की शिक्षा प्राप्त करने के लिए एजुकेशन हब इंदौर की और रुख करने वाले बच्चों औरउनके परिजनों को सामाजिक सहायता भी प्राप्त हो इसके लिए सामाजिक स्तर पर मजबूत शिक्षा समिति का गठन आवश्यक है.जिससे विधार्थियो और उनके परिजनों को आवश्यक स्थिति में शिक्षा समिति का सहयोग प्राप्त हो.श्री गुप्ता नें समाजजनों से सहयोग का आह्वान करते हुए कहा की समाज नें हम सबको बहुत कुछ दिया है,अब हमारी बारी है हम भी समाज को कुछ लोटाये जिससे समाज के युवाओं को सही दिशा मिल सके।

इंदौर समाज के अध्यक्ष राजेश गुप्ता नें शिक्षा समिति के उद्देश्य को विस्तार से बताते हुए कहा की बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना भी आवश्यक है जिससे युवा सकारात्मक दिशा में आगे ब?कर समाज को गौरवान्वित करें।

शासकीय सेवा के साथ सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय आरटीओ अधिकारी राजेश गुप्ता एवं ऊर्जावान युवा समाजसेवी अनिल गुप्ता,ओमप्रकाश गुप्ता, निलेश गुप्ता नें कहा की समाज के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित और सुदृढ़ बनाने की दिशा में हम सभी समाजजनों को एकत्रित होकर चिंतन कर शीघ्र कार्ययोजना को मूर्तरूप देना होगा.युवाओं सही मार्गदर्शन ही सही मायने में समाज सेवा के उद्देश्य को पूर्ण करता है।

> कार्यक्रम को समाज के स्थानीय अध्यक्ष उत्सवलाल गुप्ता एवं दाताहरी पब्लिक स्कूल के प्रेसिडेंट वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र सेठ गुप्ता,आलीराजपुर के युवा समाजसेवी पिंटू गुप्ता नें भी सम्बोधित करते हुए टीम के इस अभिनय प्रयास की सराहना की।बैठक में टीम आलीराजपुर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ.कैलाश जी गुप्ता,आलीराजपुर समाज प्रमुख बद्रीलाल गुप्ता,आशीष गुप्ता,ब?वानी के वरिष्ठ रामनारायणजी गुप्ता,ब?वानी समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, आर्मस्ट्रांग गुप्ता,निलेश गुप्ता इंदौर,राजेंद्र गुप्ता एसडीओ,कृष्णकांत गुप्ता,अनिल गुप्ता, युवा उद्योगपति आलोक गुप्ता,राजेश मधुप,डॉ राकेश गुप्ता दीपक गुप्ता,मनीष गुप्ता,संजय गुप्ता,अशोक गुप्ता,राजेश फर्नीचर,नारायण गुप्ता,टीम वैष्णव की टोली आदि के साथ ब?वानी,आलीराजपुर,कुक्षी आदि स्थानों के समाजजन मौजूद थे ।कार्यक्रम का संचालन प्रमोद गुप्ता नें किया ।आभार माना अनाज व्यवसायी महेश गुप्ता नें।

सरस्वती शिशु मंदिर वार्षिक कार्ययोजना पुस्तिका का विमोचन कार्यक्रम

धार । सरस्वती शिशु मंदिरों में वार्षिक कार्ययोजना सत्र 2025-26 का विमोचन हुआ विमोचन कार्यक्रम के अवसर पर अतिथि विद्यालय के पूर्व आचार्य देवेंद्र शर्मा , प्राचार्य प्रमोद गुंजाल एवं मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष अविनाश डावर ने कार्ययोजना पुस्तिका का विमोचन किया इस वार्षिक कार्य योजना से अध्ययनरत भैया बहन अभिभावक एवं आचार्य दीदी को विद्यालय की वर्ष भर कि गति विधियों कार्यक्रम प्रतियोगिता परीक्षा आदि में सहयोग मिले !सरस्वती शिशु मंदिरों में वार्षिक पुस्तक का विमोचन हुआ

इन वार्षिक पुस्तकों में अक्सर छात्रों की रचनात्मकता, विद्यालय की गतिविधियों और भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान परंपरा से संबंधित सामग्री शामिल होती है। विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिरों में संस्कृति बोध परियोजना के अंतर्गत प्रति वर्ष संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता है, जिसके लिए भी विभिन्न पुस्तकों का विमोचन होता है। ये पुस्तकें छात्रों को भारतीय संस्कृति, इतिहास, महापुरुषों और धर्म-अध्यात्म का ज्ञान प्रदान करने में सहायक होती हैं ।यह कार्यक्रम न केवल अकादमिक उपलब्धियों का जश्न मनाता है, बल्कि छात्रों को सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों से भी जोड़ता है। कार्यक्रम में भैय्या बहन के साथ आचार्य दीदी उपस्थिति थे

हरिओम प्रजापत युवा संगठन के अध्यक्ष मनोनीत

बाग - नगर में प्रजापत युवा संगठन की बैठक संपन्न हुई। जिसमे सर्व सम्मति से हरिओम प्रजापत को प्रजापत युवा संगठन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया ।जानकारी देते हुए संगठन के मीडिया प्रभारी गोलू तेनगुरिया बताया कि नगर के मध्यस्थित प्रजापत समाज धर्मशाला में आयोजित बैठक में युवाओ ने समिति का गठन किया।जिसमें राहुल प्रजापत उपाध्यक्ष और दिपेश प्रजापत को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया ।युवा समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष हरिओम ने संगठन के प्रति अपनी कृतज्ञता दिखाते हुए संगठन को मजबूत करने की बात कही है वहीं उपाध्यक्ष राहुल ने संगठन व समाज के हर कार्य में समाज के साथ कंधे से कन्धा मिला कर चलने की, संगठन का कार्य अपना कार्य समझ कर करने की बात कही ।संगठन की बैठक में सभी सदस्य उपस्थित रहे । सदस्य चमन,राहुल,लखन,अनिल ने आभार व्यक्त किया।

जनसुनवाई | जनसुनवाई में आए कुल 122 आवेदन

जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

धार, 8 जुलाई 2025/ कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री शाश्वत शर्मा, श्री जगदीश मेहरा ने भी आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस जनसुनवाई में कुल 122 आवेदन प्राप्त हुए।

इस जनसुनवाई में अधिपत्य की भूमि में अवैध कज्जा करने, तहसील गंधवानी की ग्राम पंचायत चुनप्या के 8 मजरों को राजस्व ग्राम का दर्जा देने बाबद, प्रायवेट स्कूल में प्रवेश दिलवाने, सेवानिवृत्त होने पर ग्रेज्युवेटी एवं पीएम की राशि दिलवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना की द्वितीय किश्त दिलवाने, आर्थिक सहायता राशि दिलवाने, अनुकम्पा नियुक्ति दिलवाने, शासकीय नवीन प्राथमिक विद्यालय कुम्हारपाट दसाई में दो अतिरिक्त कक्ष एवं बाउण्ड्रीवाल स्वीकृत करने, विद्युत लाईट की समस्या दूर करने, सीमांकन करवाने, कृषि भूमि में जलभराव की निकासी करने, जाति प्रमाण पत्र, पेंशन फार्म एवं संबल योजना के आवेदनों पर सरपंच, सचिव द्वारा हस्ताक्षर नहीं करने, तालाब से मुरम निकालने पर ट्रेक्टर के भा? की राशि दिलवाने, शासकीय भूमि में अवैध कब्जा करने, इत्यादि विभिन्न समस्याओं एवं मांग संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हे निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निराकृत करने के निर्देश दिए गए।